# एस.बी.आई. ने बी.पी.एस. में करवाई खेल प्रतियोगिताएं



गोहाना मुद्रिका, 7 मई : बी.पी.एस. महिला विश्वविद्यालय शारीरिक शिक्षा विभाग द्वारा एस.बी.आई. के सहयोग से बुधवार को विश्व एथलेटिक्स दिवस पर खेल प्रतियोगिताएं करवाई गई। अध्यक्षता विभाग की अध्यक्षा डॉ. सुमन दलाल ने की। मुख्य अतिथि वी.सी. प्रो. सुदेश रहीं।

लड़कियों की 100 मीटर रेस में प्रथम चंचल, द्वितीय समां, तृतीय तन्वी, थ्री लैग रेस में प्रथम राखी, द्वितीय अदिति, तृतीय सौम्या, 400 मीटर रेस में प्रथम स्थान अंजलि, द्वितीय यशिका, तृतीय अर्चना, यूनिवर्सिटी टीचिंग डिपार्टमेंट की टीम में 100 मीटर फ्रॉग रेस में प्रथम कुलवंती, द्वितीय अंशिका, तृतीय वंशिका, शॉट पुट में प्रथम महक, द्वितीय अदिति और तृतीय खुशबू रहीं।

नॉन टीचिंग पुरुष 400 मीटर दौड़ में प्रथम अनिल मलिक, द्वितीय देवेंद्र और तृतीय नरेश, महिला नॉन टीचिंग स्टाफ में प्रथम स्थान अनुराधा, द्वितीय मोनिका और तृतीय प्रमिला, पुरुष नॉन टीचिंग स्टाफ में शॉट पुट में प्रथम राजवीर, द्वितीय अनिल मलिक, तृतीय देवेंद्र, महिला नॉन टीचिंग स्टाफ में शॉट पुट में प्रथम स्थान पूनम, द्वितीय सोनिया और तृतीय प्रोमिला, टीचिंग स्टाफ पुरुष में प्रथम डॉ. अनिल, द्वितीय डॉ दीपक ढाका और तृतीय नागेंद्र हुड्डा रहे।

समापन समारोह में रजिस्ट्रार प्रो. शिवालिक यादव, एस.बी.आई. से अंजना टंडन, सुमिल कुमार, अपर्णा भारद्वाज, अक्षय दुआ और जीतेंद्र देशवाल आदि मौजद रहे।

पंजाब केसरी
THU,08 MAY 2025
EDITION: SONIPAT KESARI, PAGE NO. 1

# एस.बी.आई. ने बी.पी.एस. में करवाई खेल प्रतियोगिताएं



*खेलकूद प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कृत करते हुए प्रो. सुदेश। (अरोड़ा)*

गोहाना, 7 मई (अरोड़ा): बी.पी.एस. महिला विश्वविद्यालय शारीरिक शिक्षा विभाग द्वारा एस.बी.आई. के सहयोग से बुधवार को विश्व एथलैटिक्स दिवस पर खेल प्रतियोगिताएं करवाई गईं। अध्यक्षता विभाग की अध्यक्षा डॉ. सुमन दलाल ने की। मुख्य अतिथि वी.सी. प्रो. सुदेश रहीं।

लड़कियों की 100 मीटर रेस में प्रथम चंचल, द्वितीय समां, तृतीय तन्वी, थ्री लैग रेस में प्रथम राखी, द्वितीय अदिति, तृतीय सौम्या, 400 मीटर रेस में प्रथम स्थान अंजलि, द्वितीय यशिका, तृतीय अर्चना, यूनिवर्सिटी टीचिंग डिपार्टमैंट की टीम में 100 मीटर फ्रॉग रेस में प्रथम कुलवंती, द्वितीय अंशिका, तृतीय वंशिका, शॉटपुट में प्रथम महक, द्वितीय अदिति और तृतीय खुशबू रहीं।

नॉन टीचिंग पुरुष 400 मीटर दौड़ में प्रथम अनिल मलिक, द्वितीय देवेंद्र और तृतीय नरेश, महिला नॉन-टीचिंग स्टाफ में प्रथम स्थान अनुराधा, द्वितीय मोनिका और तृतीय प्रमिला, पुरुष नॉन टीचिंग स्टाफ में शॉटपुट में प्रथम राजवीर, द्वितीय अनिल मलिक, तृतीय देवेंद्र, महिला नॉन-टीचिंग स्टाफ में शॉटपुट में प्रथम स्थान पूनम, द्वितीय सोनिया और तृतीय प्रोमिला, टीचिंग स्टाफ पुरुष में प्रथम डॉ. अनिल, द्वितीय डॉ. दीपक ढाका और तृतीय नागेंद्र हुड्डा रहे।

समापन समारोह में रजिस्ट्रार प्रो. शिवालिक यादव, एस.बी.आई. से अंजना टंडन, सुमिल कुमार, अपर्णा भारद्वाज, अक्षय दुआ और जीतेंद्र देशवाल आदि मौजूद रहे।

# 100 मीटर में चंचल तो 400 मीटर रेस में अंजलि प्रथम



गोहाना। बीपीएस महिला विवि में बुधवार को शारीरिक शिक्षा विभाग व एसबीआई के सहयोग से विश्व एथलेटिक्स दिवस मनाया गया। इस दौरान छात्राओं के बीच विभिन्न प्रतियोगिताएं कराई गईं। विभागाध्यक्ष डॉ. सुमन दलाल के अनुसार 100 मीटर रेस में चंचल प्रथम, समां द्वितीय व तनवी तृतीय रहीं। थ्री-लेग रेस में राखी प्रथम, अदिति द्वितीय व सौम्या तृतीय, 400 मीटर रेस में अंजलि प्रथम, यशिका द्वितीय व अर्चना तृतीय रहीं। यूनिवर्सिटी टीचिंग डिपार्टमेंट की टीम में 100 मीटर फ्रॉग रेस में कुलवंती प्रथम, अंशिका द्वितीय व वंशिका तृतीय, शॉट पुट में महक प्रथम, अदिति द्वितीय व खुशबू तृतीय रहीं। नॉन टीचिंग पुरुष की 400 मीटर दौड़ में अनिल मलिक प्रथम, देवेंद्र द्वितीय व नरेश तृतीय, महिला नॉन टीचिंग स्टाफ में अनुराधा प्रथम, मोनिका द्वितीय व प्रमिला तृतीय रहीं। पुरुष नॉन टीचिंग स्टाफ की शॉट पुट प्रतियोगिता में राजवीर प्रथम, अनिल मलिक द्वितीय व देवेंद्र तृतीय, महिला नॉन टीचिंग स्टाफ में पूनम प्रथम, सोनिया द्वितीय व प्रोमिला तृतीय और टीचिंग स्टाफ पुरुष में डॉ. अनिल प्रथम, डॉ. दीपक द्वितीय व दीपक ढाका तृतीय रहे। विजेताओं को कुलपति प्रो. सुदेश ने सम्मानित किया। इस मौके पर कुलसचिव प्रो. शिवालिक यादव, एसबीआई की डिप्टी जनरल मैनेजर अंजना टंडन, रीजनल मैनेजर सुमित कुमार, ब्रांच हेड अक्षय दुआ, अर्पणा भारद्वाज, जितेंद्र देशवाल, विवि के खेल प्रभारी डॉ. संजीत मलिक, डॉ. बबिता, डॉ. मुकेश धनखड़ आदि मौजूद रहे।

# स्वस्थ तन व मन के लिए खेल जरूरी : वीसी

- महिला विवि में विश्व एथलेटिक्स दिवस पर खेल प्रतियोगिताएं

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना**

भगत फूल सिंह महिला विवि, खानपुर कलां के शारीरिक शिक्षा विभाग व स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के सहयोग से बुधवार को विश्व एथलेटिक्स दिवस मनाया गया। स्टेट बैंक द्वारा प्रायोजित इस कार्यक्रम की अध्यक्षता विभाग की अध्यक्ष डॉ0. सुमन लाल ने की। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि कुलपति प्रो. सुदेश ने कहा कि खेलों का महत्व समझें। अच्छे स्वास्थ्य के लिए खेल सबसे जरूरी है और सब के लिए जरूरी हैं। स्वस्थ तन में स्वस्थ मन का वास होता है। खेलों से जीवन में अनुशासन आता है। विश्व एथलीट दिवस को केवल एक दिन के लिए नहीं अपितु निरंतर रूप से अपने जीवन में धारण करें। कार्यक्रम के समापन के विशिष्ट अतिथि महिला विवि के कुलसचिव प्रो0. शिवालिक यादव, स्टेट बैंक की डिप्टी जनरल मैनेजर अंजना टंडन, रीजनल मैनेजर सुमिल कुमार, ब्रांच हेड अक्षय दुआ, चीफ मैनेजर डिपाजिट एंड वेस अर्पणा भारद्वाज व सीनियर एसोसिएट जितेंद्र देशवाल थे। अर्पणा भारद्वाज ने कहा कि महिला विवि में खेलों को बढ़ावा देने के लिए किए जा रहे हैं।



गोहाना। स्टेट बैंक के अधिकारीयों को स्मृति चिन्ह भेंट करते महिला विवि की कुलपति प्रो0. सुदेश। फोटो : हरिभूमि

## विजेता-उपविजेता

100 मीटर रेस में छात्रा चंचल ने प्रथम, समा ने दूसरा और तन्वी ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। थ्री लैग रेस में राखी, अदिति और सौम्या, 400 मीटर दौड़ में अंजलि, यशिका और अर्चना क्रमश: प्रथम द्वितीय व तृतीय स्थान पर रही। यूनिवर्सिटी टीचिंग डिपार्टमेंट की टीम में 100 मीटर फ्रॉग रेस में कुलवंती, अंशिका, और वंशिका, शॉटपुट में महक, अदिति और खुशबू क्रमश: प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहे। नॉन टीचिंग पुरुष वर्ग की 400 मीटर दौड़ में अनिल मलिक, देवेंद्र और नरेश, महिला नॉन टीचिंग स्टाफ में अनुराधा, मोनिका और प्रोमिला, पुरुष नॉन टीचिंग स्टाफ में शॉटपुट में राजवीर, अनिल मलिक और देवेंद्र, महिला नॉन टीचिंग स्टाफ में शॉटपुट में पूजा, सोनिया और प्रोमिला, टीचिंग स्टाफ पुरुष वर्ग में डॉ. अनिल डॉ. दीपक ढाका और नागेंद्र हुड्डा क्रमश प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहे।